तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

13 जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सतत...



13 संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्य निभाने की...





## खबर संक्षेप

### मां-बेटे से चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर बागबाहरा में चार लोगों ने मां-बेटे के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया अश्वनीबाई नागरची निवासी वार्ड नं 09 पिथौरा चौक बागबाहरा ने बताया कि 26 नवंबर की शाम करीबन 6 बजे सुशील मरकाम, कुलेश मरकाम, देवकुमार मरकाम, पुनाराम मरकाम पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज कर रहे थे, तब उसने घर से बाहर निकल कर गाली गलौज करने से मना किया। इस पर आरोपी सुशील मरकाम एवं पुनाराम मरकाम द्वारा किसी धारदार हथियार से दोनों हाथों में वार कर बाल पकड़कर रेलवे पटरी की ओर खींच कर लेकर जा रहे थे, उसी समय उसका लड़का प्रेम देव आया और बीच बचाव करने लगा। तब प्रेमदेव के साथ उक्तप चारों व्यक्तियों द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट करने लगे और प्रेम देव के पीठ में किसी धारदार हथियार से वार किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को भगवान दास मरकाम वार्ड नं 09 पिथौरा चौक बागबाहरा ने बताया कि 26 नवंबर की शाम करीबन 6 बजे मामी तुलसी मरकाम के साथ केशव मरकाम के घर के सामने ठगेश्वर मरकाम, केशव मरकाम, अब्बू मरकाम तथा अश्वनी मरकाम निवासी वार्ड नं 9 पिथौरा चौक बागबाहरा के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए विवाद कर रहे थे। तब प्रार्थी और तुलसी मरकाम का लड़का दुष्यंत मरकाम विवाद लड़ाई झगडा को छुडाने गये, तब आरोपियों के द्वारा उन दोनों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# देशभर में एक लाख हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

प्रखर हिंदुत्व के पुरोधा, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक, हिंदू हृदय सम्राट डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का बसना आगमन गुरुवार को हुआ। वे रामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित त्रिशूल दीक्षा एवं महा हनुमान चालीसा कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं हिंदू समाज को संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. तोगड़िया ने बताया कि देशभर में एक लाख हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य लेकर वे राष्ट्रीय प्रवास पर हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा केंद्र न केवल आध्यात्मिक शक्ति का स्थान होंगे बल्कि हिंदू समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का प्रमुख माध्यम भी बनेंगे। हिंदू हृदय सम्राट डॉ. प्रवीण तोगड़िया का छत्तीसगढ़ प्रवास 25 से 29 नवंबर तक निर्धारित है। इस दौरान वे राज्य के छह जिलों में वीर हिंदू विजेता–हिंदू सुरक्षा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।

उनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम, नगर, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर हनुमान चालीसा केंद्र की स्थापना, हिंदू समाज को एकजुट कर सेवा और शक्ति को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं के बीच सीधा संपर्क बढ़ाना है। इस अवसर पर महंत लखन मुनि दास प्राचीन कबीर कुटी मठ तरेकेला, प्रदेश संयोजन महेंद्र साव, जिलाध्यक्ष मोहन सोनवानी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में सभापति जनपद प्रकाश सिंहा, पत्रकार आरके दास, अरुण साहू, सेवक दास दीवान, गौरीशंकर, मनहरण सोनवानी, सीडी बघेल मौजूद रहे।

## बसना में त्रिशूल दीक्षा एवं महा हनुमान चालीसा में हुए शामिल डा. प्रवीण तोगड़िया

### प्रेस वार्ता का आयोजन

डॉ. तोगड़िया ने आगमन के दौरान पत्रकारों से भी मुलाकात की और प्रेसवार्ता में अपने राष्ट्रव्यापी अभियान के उद्देश्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज समय की आवश्यकता है कि हर हिंदू घर-घर हनुमान चालीसा का पाठ करे और समाज एकजुट होकर अपने धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अस्तित्व को मजबूत करे।




### बड़ी संख्या में जनसमूह

त्रिशूल दीक्षा और महा हनुमान चालीसा के इस आयोजन में बसना क्षेत्र सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धा, उत्साह और उत्सव जैसा माहौल देखा गया। डॉ. प्रवीण तोगड़िया का यह दौरा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि उनके इस अभियान से स्थानीय स्तर पर हिंदू संगठनों की गतिविधियों में नई ऊर्जा और गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## वसूली : लिंकिंग के माध्यम से 12 हजार किसानों से 31 करोड़ की वसूली

# धान खरीदी के साथ ऋण वसूली में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानों से ऋण वसूली के अभियान में तेजी आई है। जिले के 12 हजार से अधिक किसानों से 31 करोड़ रुपये से अधिक के अल्पकालीन कृषि ऋण की वसूली कर ली गई है, जो पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ऋण वसूली में आई इस तेजी का मुख्य कारण लिंकिंग व्यवस्था है। यह वह प्रणाली है जिसके तहत सहकारी बैंक द्वारा किसानों को दिए गए अल्पकालीन कृषि ऋण की राशि को धान उपार्जन के भुगतान से सीधे जोड़ दिया जाता है। जब किसान अपनी उपज धान खरीदी केंद्रों पर बेचते हैं, तो उनके धान की कीमत का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में जमा किया जाता है। लिंकिंग व्यवस्था के अंतर्गत, इस भुगतान से सबसे पहले किसान के ऊपर बकाया ऋण की राशि स्वचालित रूप से काट ली जाती है और शेष राशि किसान को मिलती है। इस स्वचालित प्रक्रिया ने वसूली की दक्षता को कई गुना बढ़ा दिया है, साथ ही इसमें पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। किसान भी अपनी उपज के एवज में तुरंत ऋण चुकता होने से राहत महसूस कर रहे हैं, जिससे डिफाल्टर होने की संभावना कम हुई है।




### किसान और सहकारिता को लाभ

ऋण की समय पर वसूली इस योजना की निरंतरता और सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऋण का समय पर भुगतान करने वाले किसानों को तत्काल नए ऋण के लिए पात्रता मिल जाती है, जिससे उन्हें आगामी फसल के लिए खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री खरीदने में कोई परेशानी नहीं होती। समय पर ऋण चुकता करने से वे डिफाल्टर होने से भी बचते हैं। त्वरित और उच्च वसूली दर से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां वित्तीय रूप से सुदृढ़ होती हैं।

### पंजीयन व संशोधन की तिथि 30 नवंबर तक

जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन और संशोधन की समय सीमा अब 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। पहले कैरी फारवर्ड, डूबान और वन पट्टाधारी किसानों के लिए यह समय सीमा 25 नवंबर तक रही। शासन के निर्देश पर किसानों की सुविधा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। जिले की सभी समितियों को समिति लॉगिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसान आसानी से अपना पंजीयन या आवश्यक संशोधन करवा सकें।

## समितियों में नियुक्त किए गए नए ऑपरेटरों ने कलेक्टर को बताई अपनी समस्या




**महासमुंद।** जिले के समितियों एवं धान उपार्जन केंद्रों के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से उत्पन्न समस्या के मद्देनजर प्रशासन द्वारा नए कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग से की। लेकिन, पुराने कर्मचारियों की मांग पूरी हो जाने के पश्चात वे लौट गए और अब नए ऑपरेटर जिन्होंने सात दिनों तक धान खरीदी व्यवस्था को सुचारु रखा वे एक बार फिर बेरोजगार हो गए। गुरुवार को इन कंप्यूटर ऑपरेटरों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि वनरक्षक प्रशिक्षण विधालय में प्रशिक्षण पश्चात सभी नवनियुक्त ऑपरेटरों को बिना किसी नियुक्ति पत्र या आधार के उपार्जन केंद्रों में भेजा गया एवं उनसे कार्य भी लिया गया। पुराने कर्मचारियों की हड़ताल से वापसी के बाद नये ऑपरेटरों को बिना किसी सूचना के एकाएक कार्यमुक्त कर दिया गया है। इससे सभी ऑपरेटरों के समक्ष रोजगार की समस्या खड़ी हो गयी है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि समस्त नवनियुक्त ऑपरेटरों की समस्या एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके रोजगार के लिए उचित निर्णय लिया जाए।

# जिले में अवैध धान भंडारण व परिवहन पर सतत कार्रवाई, 2668 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग तथा मंडी प्रबंधन की संयुक्त टीमों द्वारा आज एवं बीती रात विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई के दौरान कुल 2668 कट्टा धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान ग्राम खेमड़ा में उत्तर सिंह, खिलावन और पुनीत राम पिता शोभा राम धृतलहरे के घर एवं तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली में कुल 575 कट्टा धान पाए गए। पूछताछ में उत्तर सिंह द्वारा 198 क्विंटल धान ओडिशा से लाने की बात स्वीकार की गई। राजस्व विभाग एवं मंडी टीम ने तत्काल धान को जब्त कर मंडी की अभिरक्षा में सुपुर्द किया। इसी तरह खाद्य विभाग, सहकारिता एवं मंडी की संयुक्त टीम ने बीकेबाहरा मेन रोड के पास दो गाड़ियों में भरकर ले जाए जा रहे 180 कट्टा धान पकड़ा। मंडी अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए धान को जब्त किया गया। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम शेर में अवैध भंडारण की सूचना मिलने पर टीम द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए 107 कट्टा धान को जब्त कर मंडी के सुपुर्द किया। इसी क्रम में ग्राम ठाकुरपाली में निरीक्षण के दौरान 225 कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया, जिसे नियमानुसार जब्त कर लिया गया है। इसी तरह बसना विकासखंड अंतर्गत एसडीएम हरिशंकर पैकरा एवं तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध धान 248 कट्टा, 80 कट्टा, 251 एवं 60 कट्टा कुल 639 कट्टा धान की जब्ती की कार्यवाही मंडी अधिनियम के तहत की गई। इसी तरह टीम द्वारा ग्राम जामनीडीह में 242 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। वहीं विकासखंड सरायपाली में तहसीलदार सरायपाली श्रीधर पंडा एवं राजस्व टीम द्वारा ग्राम सिंगबहाल में प्रेम साहू के गोदाम में अवैध रूप से खुले में लगभग 700 कट्टा धान पाया गया, जिसे राजस्व टीम द्वारा जब्ती कर थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया गया। कलेक्टर ने सभी जब्त किए गए धान को थाना के सुपुर्द करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अभी तक राज्य में सर्वाधिक धान महासमुंद जिले में ही जब्त किया गया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# कलेक्टर ने पिथौरा के 4 उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

## सुखीपाली के समिति प्रबंधक को निलंबित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक कृषि एवं साख समिति सोनासिल्ली, परसवानी, सांकरा और सुखीपाली का निरीक्षण गुरुवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने किया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर उनसे धान उपार्जन केंद्र में लाए गए धान की मात्रा, धान का उत्पादन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों द्वारा जारी टोकन के विरुद्ध लाई गई धान की आवक में नमी की जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नमी परीक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने केंद्र में 100 प्रतिशत गेट पास एंट्री अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही आज की तिथि तक खरीदे गए धान की कुल मात्रा तथा उसके अनुरूप जारी किए गए बारदाने का भौतिक सत्यापन भी कराया गया।

समितियों में पहुंचं किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल में कैरीफ़ारवर्ड, डूबान एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन के लिए अतिरिक्त समय 30 नवंबर 2025 तक बढ़ाया गया है। अब समस्त



समितियों के समिति लॉगिन के माध्यम से पात्र कृषकों का पंजीयन हो सकेगा। साथ ही उन्होंने किसानों को समझाइश देते हुए कहा कि एग्रीस्टेक एप के माध्यम से जिन किसानों का पंजीयन हुआ है। उनका धान खरीदा जाएगा। एप के माध्यम से जिन किसानों के रकबा एंट्री, वारिसान पंजीयन में त्रुटि हुआ है उनका सत्यापन भी जारी है। पीवी एप से संबंधित सत्यापन का कार्य जारी है। इसलिए किसान यदि पंजीकृत है, तो उनका धान खरीदा जाएगा। ग्राम सुखीपाली में निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक को निलंबित करने के निर्देश उप पंजीयक सहकारी संस्था को दिए गए।

निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी केंद्र में स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान, त्रुटिरहित धान खरीदी के लिए कांटा-बांट अथवा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का सत्यापन आदि का जायजा लिया। साथ ही उपार्जन केंद्रों में कैप कवर, बारदाने की व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाएं भी देखी। इसके अलावा कलेक्टर ने प्राधिकृत अधिकारी को पर्याप्त संख्या में हमाल उपलब्ध कराने, प्रतिदिन खरीदी गई मात्रा का नियमित स्टैकिंग करने तथा प्रत्येक बोरे पर अनिवार्य रूप से स्टेंसिल लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी कार्य सुचारू, पारदर्शी और किसानों के हित में संचालित हो, इसके लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र में सतत निगरानी रखते हुए धान खरीदी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा बजरंग वर्मा, संबंधित तहसीलदार, खाद्य, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का 11वां दिन हैं। जिले के सभी 182 उपार्जन केंद्रों में आज धान खरीदी की गई है। जिसमें 7 लाख 44 हजार 115 क्विंटल धान आज दिनांक तक खरीदी की गई है।

## खबर संक्षेप




### तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**भानुप्रतापपुर।** जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में 43 हितग्राहियों को उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर निर्मला कावड़े द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कोरेटी जनपद पंचायत सदस्य भानुप्रतापपुर भुनेश्वर, रघुवर सिंह मरकाम, सुरेन्द्र बघेल, मंजू जैन, कमलेश गावड़े व अन्य उपस्थित रहें।

### इलाज के दौरान बच्चे की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल पखांजुर में इलाज के दौरान 14 वर्षीय आकाश मंडल का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। अचानक स्वास्थ्य अधिक खराब होने से इलाज के दौरान 25 नवंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से ग्रामीण की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बोगर तालाब में डूबने से 26 नवंबर को भानुप्रतापपुर निवासी 52 वर्षीय जय सिंह यादव का मौत हो गया। बोगर निवासी ओमप्रकाश यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक का मौत तालाब के पानी में डूबने से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगा युवक ने की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत हरनगढ़ निवासी 27 वर्षीय संजय ध्रुवा ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया। हरनगढ़ निवासी 24 वर्षीय रोबिन ध्रुवा ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 26 नवंबर को खेत की अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी क्यो लगाया यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सीएचसी भानुप्रतापपुर में इलाज के दौरान 26 नवंबर को साढ़े 6 बजें मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक नारायणपुर निवासी 27 वर्षीय त्रिनाथ भण्डारी का स्वास्थ्य खराब होने पर इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### निरीक्षण कर धान खरीदी केंद्र की समस्याओं किया समाधान



**कांकेर।** राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य और जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई नरहरपुर विकासखंड के ग्राम कुरना स्थित धान उर्पाजन केन्द्र पहुंचे तथा धान खरीदी व्यवस्था के विषय मे किसानों एवं लेंम्प्स समिति के कर्मचारियों से बातचीत किया। पूर्व में संस्था के अध्यक्ष एवं प्रबंधक के बीच धान खरीदी को लेकर तालमेल नही बैठने के कारण धान खरीदी केन्द्रों में प्रभारी नियुक्त नहीं हो सका था। जिसके कारण धान खरीदी में विलंब हो रहा था, जिससे किसान प्रभावित हो रहे थे और किसानो में आक्रोश व्याप्त था। इसलिए क्षेत्र के समस्त किसानों ने बैठक आयोजित कर समस्या के निराकरण के लिए चर्चा कर रहे थे, जिसे नितिन पोटाई की उपस्थिति में ताल मेल बनाकर धान खरीदी शुरू करने की पहल की गई।

## शहर में 84 किमी पाइपलाइन बिछाने की योजना, 80 किमी का कार्य पूर्ण

# जल आवर्धन योजना फेज-2 का कार्य अंतिम चरण पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर में पेयजल व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए जल आवर्धन योजना फेज-2 का कार्य अंतिम चरण पर है। जालमपुर, बठेनापारा, विंध्यवासिनी व सुंदरगंज सहित कई वार्डों में पाइपलाइन विस्तार का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले महीनों में इन सभी वार्डों में निर्बाध और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

वर्ष 2019 में शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य शहरवासियों की आगामी 30 वर्षों की पानी की ज़रूरतों को पूरा करना है। इसी कड़ी में निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में कुल 84 किमी पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई गई थी, जिसमें से 80 किमी कार्य पूरा हो चुका है। शेष पाइपलाइन विस्तार का काम भी अब तेजी से पूरा किया जा रहा है।



### चार वार्डों में पाइप लाइन विस्तार का कार्य पूरा

जालमपुर, अमलतासपुरम कॉलोनी, बठेनापारा, विंध्यवासिनी वार्ड और सुंदरगंज वार्ड में पाइपलाइन विस्तार के शेष कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। जल विभाग प्रभारी अखिलेश सोनकर के अनुसार करीब 4 किमी का कार्य बचा है, जिसे निर्धारित समय में पूरा किया जा रहा है।

### सतत मॉनिटरिंग से कार्यों में आई गति

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है और निर्धारित समय सीमा में योजना को पूर्ण कर शहर के हर वार्ड में बेहतर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पाइपलाइन विस्तार पूरा होने के बाद नागरिकों को सुबह-शाम निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा। नगर निगम का यह प्रयास शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### तीन नई पानी टंकियां

योजना के तहत शहर में तीन ओवरहेड वाटर टंकियों का निर्माण किया गया है। कांटातालाब सुभाषनगर क्षेत्र और गोकुलपुर वार्ड में बनी 9.50 लाख लीटर क्षमता वाली टंकियां शुरू हो चुकी हैं और इनसे आसपास के वार्डों को नियमित जल आपूर्ति मिल रही है। अधारी नवागांव में तैयार की गई 9.50 लाख लीटर की टंकी भी अपने परीक्षण चरण में है और जल्द ही इसे जलापूर्ति से जोड़ा जाएगा। लालबगीचा क्षेत्र में बनी टंकी भी शहर की सप्लाई मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है।

## कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष ने छग प्रभारी पायलट को दिखाई एसआईआर की प्रगति रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज को ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने पार्टी स्तर पर एसआईआर को लेकर किये जा रहे कार्यों की संगठनात्मक ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा चरणदास महंत, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी विजय जांगिड़ सहित प्रदेश स्तरीय नेतागण मौजूद थे।

बुधवार को जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर के यार्ड में ब्लाक अध्यक्ष श्री शर्मा ने एसआईआर के लिए संगठन द्वारा बीएलए नियुक्ति, विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण शिविर, समस्त जोन मंडल बैठक, आवश्यक दिशा निर्देश, प्रशासन द्वारा अनियमितिता व सहयोग की मांग का ज्ञापन व सभी जानकारी सचिन पायलट व दीपक बैज को दी। जिसकी प्रशंसा करते हुए पायलट ने सभी बीएलए, कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता को अंतिम दिनों तक सभी निवासरत मतदाताओं का फार्म भरने में सहयोग करने व एक भी वाजिब मतदाता वंचित न रहे, फर्जी वोटर का नाम कटे, इस पर ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर लोकसभा एसआईआर समन्वयक व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव तारिणी चन्द्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे।

## बिरेतरा स्कूल में हुआ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन






हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

संविधान दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में प्राचार्य गेवाराम नेताम ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य श्री नेताम ने बताया कि भारत के संविधान को 26 नवंबर सन 1949 को अंगीकृत एवं स्वीकृत किया गया।

भारत के संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, न्याय, समता ,राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता तथा संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, लोकतांत्रिक, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष गणराज्य तथा संविधान के आदर्श एवं मूल्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान क्लब के संयोजन में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्यातागण चोवाराम चंद्राकार, रोहित कुमार साहू, खेदी साहू, डी. संगीता राव, शाजिया परवीन, चेतन लाल देवांगन, चंद्रशेखर यादव, पीटीआई अश्वनी कुमार पाटकर, विज्ञान सहायक दुलेश्वर साहू, शिक्षिका माला साहू, मोनिका साहू, लिपिक सेवाराम यादव, भृत्य ईगन साहू सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नवजात शिशु की देखभाल को मिलेगी नई मजबूती

- आईडीबीआई बैंक ने जिला अस्पताल को दी 6 रेडिएंट वॉर्मर मशीन



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जनस्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आईडीबीआई बैंक धमतरी शाखा ने सीएसआर मद के होप हेल्थ केयर प्रोग्राम फॉर एवरीवन अंतर्गत जिला अस्पताल को 6 अत्याधुनिक रेडिएंट वॉर्मर मशीनें प्रदान कीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने रिबन काटकर इन मशीनों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सरबजीत सिंह, जसप्रीत माडिया, धमतरी शाखा प्रबंधक दीपक कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आदित्य सिन्हा, डीपीएम सुश्री प्रिया कंवर तथा जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अस्पताल प्रबंधन से मशीनों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में नवजात शिशु की देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए यह उपकरण अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के सभी विकासखंडों में आवश्यकता के अनुसार एक-एक वॉर्मर मशीन उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षित प्रसव तथा नवजातों की प्राथमिक देखभाल को मजबूती मिल सके। प्रभारी सीएमएचओ डॉ. आदित्य सिन्हा ने बताया कि रेडिएंट वॉर्मर एक महत्वपूर्ण जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरण है, जिसका उपयोग एनआईसीयू, डिलीवरी रूम और पीडियाट्रिक वार्डों में नवजात शिशुओं को नियंत्रित तापमान प्रदान करने के लिए किया जाता है। यह ओपन बेड सिस्टम नवजातों को हाइपोथर्मिया, ऑक्सीजन की कमी, लो ब्लड शुगर और सांस संबंधी समस्याओं से बचाने में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने कहा कि प्रसव संख्या वाले उपस्वास्थ्य केंद्रों में इन मशीनों की स्थापना से ग्रामीण माताओं और नवजातों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध होगा।

## शीतलापारा वार्ड में एसआईआर कार्य का सभापति ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का गुरुवार को सभापति कौशिल्या देवांगन के साथ रीतिका यादव, केवल साहू ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसआईआर फॉर्म भरने की प्रगति, दस्तावेज़ सत्यापन तथा मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

वार्ड में नियुक्त बीएलओ तारा पटेल द्वारा अब तक लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जाने की जानकारी दी गई। इस पर सभापति कौशिल्या देवांगन ने उनके कार्य की सराहना करते हुए शेष कार्य को समय पर एवं शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की महत्व बताते हुए बताया कि प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है।

## बेरोजगारों के साथ हुआ मजाक



- वैकल्पिक कम्पयूटर आपरेटरों ने कार्यभार प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले के बेरोजगार युवाओं के साथ खूब मजाक हुआ है। आज बेरोजगारी की स्थिति क्या है, यह वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटरों से समझा जा सकता है। टेंडर बुलाकर आपरेटर भर्ती फिर टेंडर निरस्त करने से पीड़ित बेरोजगार युवाओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर वापस काम में रखने की मांग की है।

गुरुवार को करीब 100 की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटरों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कहा है कि सहकारी समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर आपरेटरों की हड़ताल के कारण राज्य सरकार ने वर्ल्ड क्लास सर्विस लिमिटेड कंपनी को टेंडर प्रदान किया था कि जिले के 100 लोगों को वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में भर्ती करना है।

दीपककुमार, नारायण साहू ने बताया कि वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में भर्ती होने के बाद सभी आपरेटरों ने पूरी निष्ठा और कर्तव्यों के साथ कार्य किया लेकिन शासन ने अचानक कंपनी का टेंडर निरस्त कर दिया जिससे 100 आपरेटर रोजगारविहीन हो गए हैं। वैकल्पिक आपरेटरों ने कलेक्टर से पूर्ववत नियुक्ति एवं कार्यभार प्रदान करने की मांग की है।

## 54 घंटे में आइडिया से स्टार्टअप बनाने का मिलेगा मौका

- टेकस्टार्स स्टार्टअप वीकेंड 28 से 30 नवम्बर तक



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

युवाओं और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टेकस्टार्स स्टार्टअप वीकेंड धमतरी का आयोजन 28, 29 और 30 नवम्बर को बरदिहा लेकव्यू रिसोट गंगरेल डैम डांगीमाचा में सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विकासगढ़ एवं छत्तीसगढ़ बिज़नेस मॉड्स फोसी के सहयोग से आयोजित होगा। यह आयोजन उन प्रतिभागियों को मंच प्रदान करेगा जो किसी विचार को परिष्कृत कर उसे सफल स्टार्टअप के रूप में विकसित करना चाहते हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को 54 घंटे तक लगातार कार्य कर अपने आइडिया को स्टार्टअप मॉडल में बदलने, बीचहेड मार्केट पहचानने तथा उसे वैश्विक स्तर पर स्केल करने की तैयारी कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में 10 से अधिक निवेशक, 20 से अधिक अनुभवी मेंटर्स, 50 संभावित स्टार्टअप टीम तथा 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इससे युवाओं, छात्रों, स्टार्टअप फाउंडर्स और प्रोफेशनल्स को व्यापक मार्गदर्शन व नेटवर्किंग का अवसर मिलेगा। यह आयोजन उन सभी के लिए खुला है जो किसी विचार को व्यवसायिक रूप देना चाहते हैं-चाहे वे छात्र हों, नौकरीपेशा, या पहले से ही स्टार्टअप चला रहे उद्यमी।

## स्वयंसेवकों ने एड्स की भ्रांतियों को दूर करने नाटक प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की रासेयो इकाई द्वारा मुजगहन, लोहरसी और रत्नाबांधा में नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से एचआईवी, एड्स संक्रमण के कारण, रोकथाम तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से तीन दृश्यों में आधारित यह नाटक प्रस्तुत किया गया।




प्रथम दृश्य में युवराज, प्रज्ञा और सुष्मिता ने असुरक्षित यौन संबंध अर्थात एक से अधिक शारीरिक संबंधों से एचआईवी फैलने के खतरे को दर्शाया, जिसमें डॉक्टर की भूमिका हेमलता ने निभाई। द्वितीय दृश्य में राधिका द्वारा निभाई गई जागरूक गर्भवती महिला के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सरकारी अस्पतालों में एचआईवी की जांच एवं परामर्श सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। तृतीय दृश्य में लिखेंद्र, युवराज, महिमा और प्रज्ञा ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और एक ही सिरिंज के उपयोग से एचआईवी फैलने के जोखिम को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने एनएसएस स्वयंसेवकों के इस प्रयास की सराहना की। स्वयंसेवकों ने एचआईवी, एड्स संबंधी भ्रांतियों को दूर करने और सकारात्मक जागरूकता को समाज में निरंतर फैलाने का संकल्प लिया।

## विधायक रोजाना वीसी के जरिये ले रहे अपने बीएलए व संयोजकों की समीक्षा बैठक

# लोकतंत्र के अस्त्र व शस्त्र हैं मतदाता : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

पूर्व मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को अपने विधानसभा क्षेत्र में शत-प्रतिशत पूरा करवाने को लेकर गंभीरता से जुटे हुए हैं। वे इस कार्य में लगे जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों, सेक्टर संयोजकों और बूथ संयोजकों से लगातार वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बातचीत कर प्रतिदिन की कार्य प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं।




गौरतलब है कि आगामी 4 दिसबंर तक प्रदेश में एसाईआर प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम तिथि तय की गई है। इसे लेकर विधायक श्री चंद्राकर रोज शाम को वीसी के माध्यम से जुड़कर अपने पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से बातचीत कर कार्य को गति देने आवश्यक सुझाव दे रहे हैं। बैठक के दौरान अभियान की समीक्षा की गई जिसमें कुरुद विधानसभा की प्रगति 77.5 प्रतिशत पाई गई। इस पर जोर देते हुए उन्होंने इस कार्य को अब युद्ध स्तर पर पूरा करने की बात कही।

### सभी लोग फील्ड में सक्रिय होकर काम करें

इस दौरान श्री चंद्राकर ने बूथ संयोजकों एवं बीएलए से कहा कि एक भी असली वोटर एसआईआर में छूटना नहीं चाहिए और फर्जी वोटर जुड़ना नहीं चाहिए। सभी लोग फील्ड में सक्रिय हो कर काम करें। असली मतदाताओं की पहचान करें और जो मतदाता बाहर रह रहे हैं, उनसे संपर्क कर नाम एक जगह जुड़वाने के लिए कहें। उन्होंने बताया कि एसआईआर महत्वपूर्ण प्रक्रिया है एवं लोकतंत्र का अस्त्र और शस्त्र मतदाता है। हमें सफल प्रयास करना है कि असली मतदाता एसाईआर से न छूटे। उन्होंने कई बूथों में अब तक 50 प्रतिशत भी कार्य पूरा नहीं होने पर जमकर नाराजगी व्यक्त की।

### एक से अधिक स्थानों पर नाम दर्ज हो तो करे आपत्ति

विधायक श्री चंद्राकर ने विशेष रूप से कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और विवाह के बाद परिवार में शामिल हुए नए सदस्यों के नाम सूची में जुड़ जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान वास्तविक व पात्र मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही बाहरी मतदाताओं को लेकर सतर्क रहने और यदि ऐसे मतदाता पाए जाते हैं, जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, तो उन पर आपत्ति दर्ज कराने को कहा।

## लालबगीचा वार्ड में आवागमन सुधार को मिली नई दिशा



**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 में आवागमन संबंधी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पार्षद एवं सभापति (विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग) श्रीमती हिमानी साहू ने वार्डवासियों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित पहल करते हुए जैनब पैलेस के इंचार्ज से मुलाकात की और मार्ग में आ रही बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान रास्ते में हो रही रुकावटों को तुरंत दूर करने, अनियमित व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने तथा आवश्यक सुधार कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने पर जोर दिया गया। जैनब पैलेस के इंचार्ज ने भी पूर्ण सहयोग



प्रदान करने का आश्वासन दिया और संबंधित कमेटियों से व्यवस्था सुधार में साथ देने की अपील की। साथ ही एक सहमति-पत्र भरवाकर भविष्य में किसी भी अव्यवस्था से बचने हेतु जिम्मेदारी तय की गई। इस पहल के दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे और उन्होंने पार्षद हिमानी साहू की तत्परता की सराहना की। इस कदम से वार्डवासियों को अब निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे दैनिक जीवन में सहजता आएगी और स्थानीय विकास कार्यों को भी गति प्राप्त होगी।

## खबर संक्षेप



### छात्रों को दिलाई गई बाल विवाह मुक्त की शपथ

**महासमुंद**। विकासखंड बागबाहरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आदेशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत बाल विवाह के रोकथाम में जागरुकता लाने के लिए बाल विवाह मुक्त शपथ कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में किया गया।
इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है और गैरकानूनी कृत्य है, जो छात्र-छात्राओं के शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा डालता है और उन्हें अपने सपनो को साकार करने से रोकता है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। शपथ लेने वालो में व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, आशीष कुमार दीवान, भोज राम ध्रुव, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, पूजा साहू, जान्हवी साहू, योगेश्वरी, पुष्पा, तारिणी, नीरज, मोहित, कंचन, प्रमिला, सीमा, वेदिका सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### पीएमजीएसवाय के तहत 90.62 करोड़ की 52 सड़कें स्वीकृत

**महासमुंद**। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाय-आईवी) बैच-1 (2025–26) के तहत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए 90.62 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 52 नई ग्रामीण सड़कों को मंजूरी दे दी है। सांसद के हवाले से भाजयुमो महामंत्री अमन वर्मा ने हरिभूमि को जानकारी देते हुए बताया कि इन स्वीकृत सड़कों की कुल लंबाई 121.23 किलोमीटर होगी। नई सड़कें न सिर्फ गांवों को बेहतर सड़क सुविधा प्रदान करेंगी, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास की रफ्तार को भी गति देंगी। नई सड़कें ग्रामीण इलाकों में आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ स्थानीय जनता की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन सड़क कार्यों का निर्माण तेजी से और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न होगा, ताकि जनता को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके।



# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाः 1300 से अधिक घरों में सूर्य घर बिजली से आर्थिक बचत और क्रेडिट का मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हुए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के रूप में एक बदलावकारी कदम उठाया है। यह योजना आम नागरिकों को अपने ही घर की छत पर सूरज की रोशनी से बिजली बनाने का अवसर देती है, जिससे परिवार न केवल महंगे बिजली बिलों से राहत पा रहे हैं बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। सरकार 3 से 5 किलोवाट के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र से 78,000 रुपए और राज्य से 30,000 रुपए तक की सब्सिडी उपलब्ध करा रही है, जिससे लोगों में सौर ऊर्जा अपनाने की नई उम्मीद और उत्साह देखा जा रहा है। इस पहल से आम जनता को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही अक्षय ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिल रहा है। महासमुंद जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ 12 हजार उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक जिले में योजना का लाभ लेने के लिए 5226 उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन किया गया हैं एवं तेजी से नए फॉर्म भरे जा रहे हैं। अभी तक 4722 हितग्राहियों द्वारा वेंडर का सेलेक्शन कर लिया गया है। 1342 उपभोक्ताओं के घरों में सूर्य घर बिजली योजना से जिंदगी रोशन हो रहे है। जगत विहार कॉलोनी महासमुंद निवासी धीरेंद्र लोनारे ने बताया कि हमारे घर में सोलर सिस्टम छत पर लगाया है। उन्होंने बताया पहले उनका बिजली बिल काफी अधिक आता था, लेकिन अब हर महीने लगभग 3 से 4 हजार रुपये की बचत हो रही है। यह योजना आम जनता के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह योजना हमें आत्मनिर्भर बना रही है। इसी तरह ग्राम मचेवा निवासी ने बताया कि पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम लगाने के बाद पिछले पांच महीनों से उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य है। वे कहते हैं अब बिजली की चिंता खत्म हो गई है, उल्टा क्रेडिट यूनिट का लाभ भी मिल रहा है। ऐसे ही जिले के अन्य उपभोक्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में सार्थक पहल बताया। उन्होंने बताया कि इससे न केवल लोगों को आर्थिक राहत और आत्मनिर्भरता मिल रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ा योगदान हो रहा है।

## सत्यापन कार्य : 72 प्रतिशत तक पहुंचा डिजिटाइजेशन

# जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सतत रूप से जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 04 नवंबर 2025 से शुरू हो चुका है। इसी क्रम में महासमुंद जिले के चारों विधानसभा सरापाली-39, बसना-40, खल्लारी-41 एवं महासमुंद-42 में कुल 1083 बीएलओ द्वारा निर्वाचक गणना प्रपत्रों का लगभग शत प्रतिशत वितरण पूर्ण कर लिया गया है।

साथ ही जिले में प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, अभी तक 72 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने



सभी बीएलओ को एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। महासमुंद नगरीय क्षेत्र में मतदाताओं की सहायता के लिए 18 सहायता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। जहां मतदाता अपने गणना पत्रकों को जमा कर सकते हैं एवं किसी भी भ्रम की स्थिति को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा ईआरओ एवं एईआरओ तथा अधिकारियों द्वारा मौके में जाकर सत्यापन कार्य किया जा रहा है।

जिले में कुल 8 लाख 86 हजार 422 मतदाता पंजीकृत है। जारी आंकड़ों के अनुसार 8 लाख 80 हजार 937 मतदाताओं के घर-घर जाकर निर्वाचक गणना प्रपत्रों का वितरण एवं सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है। जिसमें सरायपाली विधानसभा अंतर्गत 2 लाख 14 हजार 699 मतदाता, बसना में 2 लाख 30 हजार 43, खल्लारी में 2 लाख 22 हजार 166 एवं महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 2 लाख 14 हजार 29 मतदाता शामिल है। साथ ही अब तक 6 लाख 31 हजार 38 गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिसमें सरायपाली अंतर्गत 75.89 प्रतिशत, बसना अंतर्गत 78.83 प्रतिशत, खल्लारी अंतर्गत 75.67 प्रतिशत एवं महासमुंद अंतर्गत 53.59 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है।

# अमीन भर्ती परीक्षा 7 को, 16 परीक्षा केंद्रों में 4731 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

- व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा रविवार 07 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 12 बजे से दोपहर 02:15 बजे तक एक पाली में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला मुख्यालय महासमुंद के निर्धारित 16 परीक्षा केंद्रों में जिले के 4731 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

व्यापम द्वारा इस संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। सभी परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा गया है, ताकि परीक्षा दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा दिवस में उन्हें स्थान ढूँढ़ने में कोई कठिनाई न हो। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुँचे। ताकि फ्रिस्किंग तथा फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। परीक्षा




प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। चूंकि परीक्षा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी, इसलिए प्रवेश द्वार सुबह 11:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पूरी तरह वर्जित होंगे। सामान्य बिना पॉकेट स्वेटर की अनुमति है, जिसे सुरक्षा जांच के दौरान उतारकर दिखाना आवश्यक होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करने कहा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा जांच के उपरांत ही उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में केवल चप्पल पहनकर आएं। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित है। सुरक्षा जांच के दौरान कोई छूट नहीं दी जाएगी। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना प्रतिबंधित है। किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा उसकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में केवल काले या नीले रंग के बॉल प्वाइंट पेन लाने की अनुमति होगी।



### संविधान स्थापना दिवस पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हुआ शपथ ग्रहण

**महासमुंद**। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में भारतीय संविधान दिवस (26 नवंबर) पर प्राचार्य अरुण प्रधान के मार्गदर्शन एवं व्याख्याता टेकराम सेन के निर्देशन में संविधान प्रस्तावना वाचन एवं शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अरुण प्रधान ने छात्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि समूचे विश्व में भारतीय संविधान अद्वितीय एवं खूबसूरत है, यहां के संविधान के आदर्श एवं प्रतिमान को विश्व के अलग अलग देशों में सराहना की जाती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने लोकतंत्र की गरिमा स्थापित करते हुए संविधान समर्पित किया है। वरिष्ठ व्याख्याता टेकराम सेन ने कहा कि हमें अपनी राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान अपने विशिष्टताओं के लिये विश्व में प्रसिद्घ है, हमें समाज में सिकी महत्ता को बताना चाहिए। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर व्याख्याता किरण कन्नौजे, झरना साहू, कार्यालयीन सदस्य सुनील मरकाम, सुनील साहू, आकांक्षा साहू, सुषेण दीवान सहित प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देता हैः प्रकाश

**बसना**। संविधान दिवस पर जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अंकोरी के पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद पंचायत सभापति एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं



भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर की गई। पश्चात संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर यह प्रतिज्ञा ली कि वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित संवैधानिक आदर्शों को अपने आचरण और सामाजिक जीवन में सक्रिय रूप से अपनाएँगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश सिन्हा, सभापति एवं जनपद सदस्य अंकोरी ने कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की आत्मा है। यह हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है। संविधान दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हम न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को अपनी जनसेवा और व्यवहार में सर्वोपरि रखें। जनपद पंचायत बसना के सीईओ पीयूष ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान ने हमें लोकतंत्र की मजबूत नींव प्रदान की है। स्थानीय शासन में कार्य करते हुए हमारा दायित्व है कि शासन की योजनाएँ और सेवाएं प्रत्येक नागरिक तक संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप पहुंचें। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने संविधान दिवस के महत्व पर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सार्थक बनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अंकोरी के सरपंच मिश्रा द्वीप, देवरी सरपंच सुरेश कोसरिया, चिमरकेल सरपंच प्रसन्न कुमार डड़सेना, पलसापाली (अ) सरपंच हेमकुमारी, ठाकुरपाली सरपंच संगीता बरिहा, भाजपा नेता हीरा लाल साव मौजूद रहे।



### बावनकेरा में संविधान और मितानिन दिवस मनाया

**झलप**। ग्राम पंचायत बावनकेरा में संविधान दिवस और मितानिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच गोपाल सिंह ध्रुव, उपसरपंच द्रोण चंद्राकर की उपस्थिति में सभी ग्रामीणों को संविधान के तहत मिले अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई। इसी कार्यक्रम में मितानिनों,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रोजगार सहायक, सहायिकाओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव चिंतामणि साहू ने सभी ग्रामीणों एवं पंचायत सदस्यों को संविधान पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शेख अल्ताफ, युगल किशोर साहू, सोहद्रा ढीमर, उमा ध्रुव, मीना लोधी(वार्ड पंच), दुलेश्वरी चौहान, देवकी सिन्हा, हिमेश्वरी ध्रुव (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता), उर्मिला ध्रुव, राबिया बेगम, दुर्गा जगत, चंदोलिन बाई (मितानिन) समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़क, नाली, लाइट की मांग लेकर पालिका अध्यक्ष मिले अयोध्या नगर के नागरिक

**महासमुंद**। शहर के अयोध्या नगर वार्ड 3 एवं 4 के नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष



निखिलकांत साहू से पालिका आकर मुलाकात किए। नागरिकों ने वार्ड में नाली, सीसी रोड, स्ट्रीट लाइट की समस्याएं बताई। साथ ही जल निकासी के लिए उपयुक्त व्यवस्था बनाने की मांग की। अध्यक्ष साहू ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर सभी समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने संबंधित विभाग प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए स्थल निरीक्षण कर सड़क, नाली सहित नागरिकों की सभी मांगों पर क्रियान्वयन शुरू करने निर्देशित किया। अध्यक्ष साहू ने कहा कि नागरिकों के मंशारूप शहर का विकास हो रहा है। वार्डों में जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान किया जाएगा। शहर में बड़ी नालियों का काम चल रहा है। विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। आपके वार्ड का भी समुचित विकास होगा। जो भी समस्याएं आप लोगों ने बताई है, उसका समाधान शीघ्र किया जाएगा। इस दौरान सीएमओ अशोक सलामे, लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता सहित अयोध्या नगर के वार्ड वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### धान खरीदी केंद्रों में पहुंचे विधायक, किसानों से की मुलाकात

**महासमुंद**। गुरुवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम बेमचा एवं तुमगांव स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही किसानों से भेंट मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने समिति में आए हुए किसानों को एसआईआर के संबंध में जानकारी देते हुए इसमें सहयोग करने की अपील की।



### नवागांव स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

**महासमुंद**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत परिसर में किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच पार्वती पटेल द्वारा विद्यार्थियों को संविधान में निहित मूल अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी गई। संस्था प्रमुख अरुण कुमार साहू द्वारा संविधान की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा उपस्थित सभी नागरिकों एवं विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सचिव राम गोपाल चौहान, संकुल समन्वयक राजू देवांगन, शाला विकास समिति अध्यक्ष पूरन निषाद, प्राशा प्रधान पाठक नरेश्वर डडसेना, शिक्षक अमर साहू, बिहेंद्र साहू, किरण दीवान, ग्रामीण अशोक पटेल, योगेश सिन्हा, मानसिंग निषाद, खिलावन सिन्हा, रसोइया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

### जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा

**महासमुंद**। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को स्वयं का उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है। योजना के अनुसार निर्माण क्षेत्र के लिए अधिकतम 50 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम 20 लाख रुपए तक बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। कम लागत वाले उद्योगों को प्राथमिकता दी जाती है। आवेदन ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त कर बैंक को प्रेषित किए जाते हैं। ऋण स्वीकृत होने पर शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है। निर्माण क्षेत्र में स्थापित किए जा सकने वाले प्रमुख उद्योगों में फ्लाई एश ब्रिक्स, स्टोन कटिंग एवं पॉलिशिंग, अगरबत्ती निर्माण, साबुन वाशिंग पाउडर निर्माण, फेब्रिकेशन वर्क, दोना पत्तल निर्माण, फर्नीचर एवं अलमारी निर्माण, स्टील रैक, कूलर निर्माण, पेपर कन्वर्टिंग (नोटबुक रजिस्टर), इंजेक्शन मोल्डिंग प्लास्टिक आइटम, सीमेंट पोल टाइल्स, चैन लिंक फेंसिंग, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर पेंट, बैग निर्माण, जूता चप्पल निर्माण आदि इकाइयां शामिल हैं। सेवा क्षेत्र में पात्र प्रमुख कार्य टेंट हाउस, शाकाहारी होटल/ढाबा, विभिन्न रिपेयरिंग व सर्विसिंग कार्य, मोटर वाइंडिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, ड्राई क्लीनिंग, गैस चूल्हा, रेफ्रिजरेटर, एसी रिपेयरिंग, च्वाइस सेंटर, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, पैसेंजर वाहन संचालन, मुर्गी पालन, मछली पालन आदि शामिल है।

# भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की है आत्मा

## बागबाहरा विखं के ग्राम धरमपुर में संविधान दिवस पर आंबा कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत धरमपुर में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भारत माता के छायाचित्र में माल्यार्पण और पूजन कर किया गया। संविधान दिवस में प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर शपथ दिलाई गई।

ग्राम पंचायत धरमपुर के पंचायत भवन में संविधान दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दिव्या उपेन्द्र दीवान, सरपंच प्रमोद साहू, सचिव धीरज यादव ने एक स्वर में प्रस्तावना का पाठ कर संकल्प दोहराया कि वे संविधान में निहित मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को सामाजिक जीवन में धारण करेंगे। उन्होंने संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं संविधान से जुड़े महान विभूतियों की भूमिका और भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली की



विशेषताओं पर अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने बताया कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यह देश की सामाजिक विविधता को एक सूत्र में पिरोता है और हर नागरिक को अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की मजबूत रीढ़ है और यह सभी के लिए समान न्याय का अधिकार देता है। उन्होंने युवाओं को संविधान के अध्ययन और उसके अनुकरण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साहिका, मितानिन और बीआरपी का शाल फल से सम्मान किया गया। बाद अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधरोपण किए। और उसकी देखरेख करने की प्रतिज्ञा भी ली। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जूझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की जिलाध्यक्ष सरोज चंद्राकर, त्रिवेणी निषाद, रेखा चंद्राकर, भोज पटेल, कांति ध्रुव, प्रीति ध्रुव, पदमा नागेश, सुमित्रा सांवरा, पवनी ध्रुव, रोशनी ध्रुव, कुमारी ध्रुव, बिंदा पटेल, भुनेश्वरी गाड़ा, हेमिन साहू, जानकी निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# संविधान निर्माण में सुअरमार के जमींदार ठाकुर भानुप्रताप सिंह की अहम भूमिका





हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गांजर में संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम द्वारा भारत के संविधान की उद्देशिका के समूह संकल्प वाचन के साथ की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों तथा नागरिक कर्तव्यों की विस्तारपूर्वक व्याख्या करते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों को समझाया।

उन्होंने संविधान में निहित सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता और राष्ट्र की एकता और अखंडता को प्रश्नों के माध्यम से समझाया। उन्होंने संविधान निर्माण में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रमुख भूमिका को बताते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए अपने अंदर डॉ अंबेडकर जैसी भूख पैदा करने का आह्वान किया। उन्होंने याद दिलाया कि जिस विद्यार्थी को कभी छुआछूत के कारण क्लास रूम के बाहर बिठाया जाता था, उसने अपनी मेहनत और बुद्धि के बल पर भारत का संविधान लिख कर पूरी दुनिया में नाम कमाया है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सहजता से उत्तर भी दिए और उन्हें और अधिक सवाल पूछने प्रेरित किया। संविधान दिवस पर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने वाले शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवरी के विद्वान प्राचार्य डीएस टंडन ने संवैधानिक कर्तव्यों तथा जीवन निर्माण में शिक्षा की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताया और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और अपने माता पिता के सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित किया। कार्यक्रम में शामिल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने महासमुंद जिले का इतिहास बताते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर बोदेल, वीर रेंगहु तथा छबिलाल चंद्राकर के त्याग व योगदान को याद किया। उन्होंने संविधान निर्माण समिति में सुअरमार के जमींदार ठाकुर भानुप्रताप सिंह की सामाजिक एवं राजनीतिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से संविधान को जीवन में आत्मसात कर अपने अधिकारों व कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप



### अगहन गुरुवार को लक्ष्मी की विशेष पूजा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में अगहन माह के गुरुवार को मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। शिक्षिका गौरी पटेल ने बताया कि इस दिन महिलाएं प्रातः से ही विधि विधान से लक्ष्मी की पूजा में लग जाती है, वैसे तो बुधवार की संध्या को ही तैयारी प्रारंभ कर दी जाती है। चावल के आटे का घोल बनाकर घर के मुख्य द्वार से पूजा कक्ष तक लक्ष्मी के पदचिन्ह बनाती है और सजाती है। मुख्य द्वार को गोबर से लीपकर रंगोली बनाती है। पद्म पुराण के अनुसार अगहन गुरुवार को मां लक्ष्मी की सच्चे मन से पूजा करने पर घर परिवार में लक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहती है।

### डी फ़ार्मेसी परीक्षा परिणाम घोषित, छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डी फ़ार्मेसी सत्र 2024-25 प्रथम वर्ष की परीक्षा परिणाम जारी गई। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। कुल 36 विद्यार्थियों में से 33 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया। श्याम बालाजी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, महासमुंद जिले का प्रथम कॉलेज है। कॉलेज टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में गरिमा, मुस्कान चौधरी, टाकेश्वर, डिगेश्वरी, सिंधु साहू, चंद्रशीला साहू, भावेश चंद्राकर, भूषण, संजय साहू शामिल है। छात्रों की सफलता पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर एवं अंशु चंद्राकर, डॉ. अंकिता चंद्राकर, डिंपल साहू, संजय कुमार साहू, उमा चौधरी, शीतल साहू एवं टोप राम कुर्रे आदि ने हर्ष जताया है।

### झलप में विशाल रक्तदान शिविर 1 को

**झलप।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान एवं मेकाहारा ब्लड बैंक रायपुर के सहयोग से बाबा गुरु घासीदास के 269वीं जन्म जयंती समारोह पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन झलप में 1 दिसंबर को होने जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज झलप अठगंवा परिक्षेत्र के अध्यक्ष भागीरथी मारकंडे व कोषाध्यक्ष किशन कोसरिया ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा व सर्व समाज के लोग शामिल होकर रक्तदान करेंगे। यह शिविर गुरु पर्व माह के आरंभ तिथि 1 दिसंबर सोमवार को गुरुद्वारा के पास मेन रोड झलप में आयोजित किया जाएगा। रक्तदान का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक ने लोगों को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

**पड़ताल:** बाहर से आए नागरिकों के लिए 2003 की मतदाता सूची का ईपिक नंबर जरूरी

# सघन जांच अभियान, वार्ड 1 से 15 तक मतदाता सूची का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरिशंकर पैकरा के निर्देशन पर बसना नगर में मतदाता सूची के अद्यतन एवं सत्यापन के लिए विशेष जांच अभियान चलाया गया।

बसना सीएमओ सूरज सिदार ने बताया कि 1 से 15 वार्डों में सघन जांच की गई, जिसमें विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 1, 2, 14 और 15 के मतदाताओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। जांच के दौरान कई ऐसे नागरिक पाए गए, जो बाहर से बसना में आकर निवास कर रहे हैं। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी बाहरी नागरिकों को 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपने ईपिक नंबर के साथ निर्धारित फॉर्म अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए की जा रही है। जांच दल ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं की जानकारी एकत्र की तथा संदिग्ध प्रविष्टियों का सत्यापन किया। जिन व्यक्तियों के नाम हाल ही में बसना की मतदाता सूची में जोड़े गए हैं या जिनकी प्रविष्टि संदिग्ध पाई गई है, उनसे पुराने क्षेत्र की 2003 की मतदाता सूची के ईपिक नंबर प्रस्तुत करने को कहा गया है।

सीएमओ सूरज सिदार ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर दस्तावेज जमा नहीं करने पर ऐसे नाम अपूर्ण या संदिग्ध प्रविष्टि माने जा सकते हैं। उन्होंने सभी डेटा बंधुओं और फील्ड कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे फॉर्म भरवाने, ईपीक नंबर संकलित करने तथा पूर्ण रिपोर्ट समय पर जमा करने में तत्परता बरतें। प्रशासन ने नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि मतदाता सूची के अद्यतन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, जिससे आगामी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जा सके।

# पिथौरा क्रिकेट अकादमी के संयोजक बने मनमीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा



पिथौरा क्रिकेट अकादमी ने आगामी खेल सत्र एवं प्रतिभा विकास कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए अपनी संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में मनमीत सिंह छाबड़ा को अकादमी का संयोजक नियुक्त किया गया है। अकादमी द्वारा आने वाले दिनों में प्रदेश स्तरीय एवं जिला स्तरीय कई महत्वपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन की योजना बनाई गई है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने के साथ-साथ बड़े मंचों पर अवसर प्राप्त करने का मौका मिलेगा। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद मनमीत सिंह छाबड़ा अब इन सभी गतिविधियों के सुचारू संचालन, प्रतियोगिता प्रबंधन, टीम समन्वय, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की देखरेख तथा अकादमी के संपूर्ण क्रियाकलापों की निगरानी का दायित्व संभालेंगे। उनका कहना है कि उनका मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराना और पिथौरा को क्रिकेट प्रतिभाओं का मजबूत केंद्र बनाना है। अकादमी के पदाधिकारियों ने बताया कि छाबड़ा लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनकी सक्रियता और प्रबंधन क्षमता को देखते हुए ही उन्हें संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में अकादमी नई दिशा और गति प्राप्त करेगी तथा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, प्रतियोगिता और प्रोत्साहन के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। स्थानीय खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने भी मनमीत की नियुक्ति का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे न केवल अकादमी की गतिविधियों में मजबूती आएगी, बल्कि क्षेत्र की खेल संस्कृति को भी नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

## सार्वजनिक महालक्ष्मी महोत्सव में शामिल हुए मोक्ष कुमार



**बसना।** माटीदरहा में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला सार्वजनिक महालक्ष्मी महोत्सव इस वर्ष भी धार्मिक उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुआ। पूरे ग्राम में भक्तिमय वातावरण के बीच आयोजित इस महोत्सव में जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। प्रधान ने माँ महालक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

# स्काउट्स-गाइड्स का मनोबल बढ़ाने पहुंचे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा



स्काउटिंग एक युवा आंदोलन है, जिसका उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से विकसित करना है। स्काउटिंग में युवा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हैं, जैसे कि कैंपिग, ट्रेकिंग, प्राथमिक चिकित्सा, और समुदाय सेवा, जो उन्हें स्वतंत्र, आत्मविश्वासी, और सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाती हैं। इस जांच शिविर में पर्यवेक्षक राम कुमार साहू एवं सुशील शर्मा पहुंच कर कैंप की गतिविधियों को ध्यान देते हुए मानचित्र बनाना व उसके उपयोग के बारे में समझाए। स्काउट गाइड के मनोबल बढ़ाने के लिए स्थानीय संघ के पदाधिकारियों ने लगातार बच्चों से रूबरू होकर प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ले रहे है। गत दिवस जिला उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, स्थानीय संघ अध्यक्ष पंकज हरपाल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, उपाध्यक्ष राजेश सोनी, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि लोकेश्वर चंद्राकर ने बैजेस की जानकारी लिए। शिविर दिवस के कार्यक्रम के निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार प्रवेश से तृतीय सोपान पाठ्यक्रम के स्काउटिंग आंदोलन की उत्तपत्ति, प्रतिज्ञा, नियम, आदर्श वाक्य, चिन्ह, सैल्यूट, गणवेश, राष्ट्रगान, प्रार्थना, झंडागीत, लेसिंग,मानचित्र, आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक मंडल में अरुण कोसे, भीमसेन चंद्राकर के मार्गदर्शन से विकासखंड आयुक्त गाइड पुरी हरपाल, स्काउट विभाग में व्यास नारायण बंजारे, मनोज दीवान, रामगोपाल दीवान, कोषाध्यक्ष भूषण लाल साहू, सचिव शेष नारायण साहू, देवेंद्र दीवान, नंद कुमार चंद्राकर, जितेंद्र साहू, डिगेश्वर साहू, वीर शिवाजी, ओपन रोवर लीडर सतीश देवांगन, गगन टोंडेकर, प्रेमचंद्र डड़सेना, पीतांबर सेन, रामनारायण धीवर, जीएस सोनवानी, अमित ठाकुर, सोमेश मंडल, गाइड चंद्रकांता महिरवार, रक्षा साहू, वीणा साहू, उषा किरण ठाकुर, केशर मानिकपुरी, सीमा दुबे, भारती पटेल शामिल हैं। कार्यक्रम में स्काउट गाइड के साथ उनके प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

# योग प्रशिक्षण शिविर 13 से

**महासमुंद।** योग प्रशिक्षण शिविर (35वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 13 से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक महासमुंद में होगा। इस 10 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। रविवार 21 दिसंबर को कौंदकेरा जंगल में हठयोग की क्रियाएं दीर्घशंख प्रक्षालन, जल नेति एवं कुंजल का अभ्यास होगा। पंजीकृत योगाभ्यासी ही सम्मिलित होंगे आग्रह है कि योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन करा लें। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7 से 8.30 बजे, महिला वर्ग बच्चों का दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे। आयोजकों ने नगर व ग्रामवासियों से योग शिविर में शामिल हो लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# भोई ने संभाला सावित्रीपुर हायर सेकेंडरी स्कूल का प्राचार्य पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

- शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तिलक व पुष्पगुच्छ से किया स्वागत



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में 27 नवंबर को एसडी भोई ने प्राचार्य पद का कार्यभार विधिवत ग्रहण किया। विद्यालय में उनके आगमन पर उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तिलक एवं पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य पी सिदार, मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक एसएल पटेल, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानपाठक महेंद्र तांडी, संकुल समन्वयक पीएल चौधरी तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सभी ने अपने-अपने शब्दों में नए प्राचार्य को शुभकामनाएं दीं और विद्यालय विकास के लिए संयुक्त प्रयास का संकल्प व्यक्त किया। पी सिदार ने विद्यालय की प्रगति यात्रा का उल्लेख करते हुए भोई सर का स्वागत किया।

एसएल पटेल ने कहा कि भोई सर के नेतृत्व से शैक्षणिक गुणवत्ता में और वृद्धि होगी। महेंद्र तांडी ने अनुशासन, नियमितता और टीमवर्क को शिक्षा का आधार बताया। पीएल चौधरी ने संकुल स्तर पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अपने प्रथम संबोधन में एसडी भोई ने कहा कि उनकी प्राथमिकता विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाना, अनुशासन को मजबूत करना, तकनीकी व नवाचार आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना और विद्यालय को उत्कृष्टता की ओर ले जाना रहेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से मिलकर कार्य करने का आग्रह किया।

### शिक्षक के घर से पांच हजार नगद चोरी

**महासमुंद।** ग्राम पतेरापाली में रहने वाले एक शिक्षक के घर से नगदी रकम चोरी के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सरायपाली पुलिस को शिक्षक श्रवण कुमार प्रधान पिता स्व जुगेश्वर प्रधान (35 साल)वार्ड नं 05 पतेरापाली ने बताया कि 26 नवंबर की रात लगभग 01.30 बजे के आसपास वह अपने घर में था, उसी दौरान उसके बड़े पिताजी मंगता प्रधान उठे और देखा कि घर के अंदर से टिंकू उर्फ तुषार विशाल पिता प्रमोद विशाल ग्राम पतेरापाली गुल्लक (पैसे रखने का पात्र) को लेकर निकल रहा था, जिसे देखकर जोर-जोर से चोर-चोर कहकर चिल्लाने लगे। तब टिंकू उर्फ तुषार विशाल घर के गेट को खोल कर एवं सामने लोहे के 07-08 फीट के गेट को फांद कर कूद गया और वहीं नीचे गिर गया। इस दौरान टिंकू के द्वारा चोरी कर ले जाया जा रहा गुल्लक नीचे गिर कर टूट गया और कर गिर गया और पैसा बिखर गया। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसी समय पड़ोस के महिपाल प्रधान ने अपने घर से देखा कि टिंकू उर्फ तुषार विशाल लंगड़ाते हुए दौड़कर भाग रहा था। जिसे उसके बडे पिताजी मंगता प्रधान भी देखे हैं। जब उसने घर के अंदर आलमारी को जाकर देखा तो आलमारी में रखा गुल्लक और वहीं पर 500-500 के 10 नोट कुल 5000 रुपए नहीं थे। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## प्लांट के पीछे फंसे ट्रक की चाबी छीनी, आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** करणी कृपा प्लांट के पीछे फंसे ट्रक को क्रेन से निकलवा रहे ड्राइवर से वाहन की चाबी छीनने के मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तुमगांव पुलिस को एफआईआर में प्रार्थी संजय सिंग पिता जयभान सिंग (27 वर्ष) ग्राम गिजवार थाना मझौली जिला सीधी (मप्र) ने बताया कि 24 नवंबर तो वह ट्रक क्रमांक सीजी 11 बीएफ 9914 में चांपा से कोयला लोड कर 25 नवंबर को तुमगांव करणी कृपा प्लांट गूगल मैप के माध्यम से आ रहा, इसी दौरान वह खैरझिटी गांव के रोड में प्लांट के पीछे गेट की ओर पहुंच गया, जब वह गाड़ी को वापस घुमाने के लिए पीछे कर रहा था तब पहिया धंस गया था। जिसे वह क्रेन से बाहर निकलवा रहा था। इसी दौरान पास के गांव के कुछ लोग आये और कहने लगे कि ये प्लांट का रास्ता नहीं है, तुम इधर क्यों आये हो, इधर आना मना है। ऐसा कहकर वे गाली गलौज करने लगे, जब उसने उन लोगों का नाम पूछा तो उन्होंने कुंज लाल चेलक और शिव कुमार टंडन होना बताये और जबरदस्ती चाबी को लूटकर वाहन को वहीं पर रोक लिया और उसे भगा दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 309(4), 296, 126(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सुखीपाली के प्रभारी समिति प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारी निलंबित

महासमुंद। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सुखीपाली के धान खरीदी प्रभारी रविशंकर सेठ को निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर विनय लंगेह एवं जिला प्रशासन टीम के द्वारा धान खरीदी केंद्र सुखीपाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।







